## खबर संक्षेप

### किरदार संस्थान ने किया नाटक का मंचन

**छिंदवाड़ा।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न आयोजना हो रहे है। इसी क्रम में किरदार संस्थान द्वारा स्थानीय सौसर में सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक में यातयात नियमों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही हंसी ठहाकों के माध्यम से नशे न करने की सीख दी गई। संस्थान के सचिव ऋषभ स्थापक ने बताया कि नाटक का निर्देशन डॉ. पवन नेमा द्वारा किया गया जबकि हर्ष नागले,प्रदीप बंदेवार, विप्र वर्मा, धीरज डेहरिया एवं गर्व घोंगे कलाकार के रूप में शामिल हुए। संस्थान के द्वारा इस प्रकार की गतिविधियां आगे भी की जायेगी।

### 13476 मतदान कर्मी कराएंगे लोकसभा चुनाव

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 27 और 28 मार्च 2024 को उनकी पदस्थापना के विधानसभा मुख्यालय पर आयोजित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 3-3 घंटे का यह प्रशिक्षण सभी विधानसभा मुख्यालयों पर दोनों ही दिन दो पालियों में प्रातः 9.45 से दोपहर 01 बजे तक और दोपहर 1.45 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ। प्रत्येक पाली में पूल रूम व्यवस्था के तहत एक रूम में थ्योरी का प्रशिक्षण दिया जायेगा और दूसरे रूम में ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण देकर हैंड्स ऑन कराया गया। प्रथम दिवस की दोनों पालियों को मिलाकर 8769 और द्वितीय दिवस की दोनों पालियों को मिलाकर 4707 मतदान कर्मियों को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कुल 13476 मतदान कर्मियों को 183 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा जुन्नारदेव में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव, विधानसभा अमरवाड़ा में शासकीय मॉडल स्कूल अमरवाड़ा, विधानसभा चौरई में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई, विधानसभा सौंसर में प्रशिक्षण दिया गया।

## कपूरनाला के जंगल से चोरी की रेत ले जा रहा ट्रक राजस्व विभाग के हाथों पकड़ाया

# कपूरनाला के जंगलों की नदियां बनी रेत चोरों की अवैध खदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




तामिया तहसील के देलाखारी क्षेत्र में राजस्व एवं वन विभाग की भूमि में बहने वाली नदियों से रेत की चोरी पुलिस, राजस्व, खनिज , विभाग एवं नाकेदारो की मिली भगत से रेत चोरी का सिलसिला लगातार जारी है । अब तो रेत चोरी का आलम यह हो गया हैं कि कुआं बादला कुर्सीढाना, प्रतापगढ़ बादला फासीढाना क्षेत्र में रेत चोरी के चलते यहां की नदियों से रेत खाली कर नदियों का रेत चोरों ने स्वरूप ही बिगाड़ दिया। इस तरह लगातार हो रही रेत से क्षेत्र के खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली पर भी रेत चोरों से मिले होने के सवाल उठने लगे हैं । क्योंकि यह मूल काम खनिज विभाग कहा है। पुलिस ने उन पर ही कार्यवाही की जो पुलिस के चहेते नहीं थे। इन रेत चोरों को देलाखारी तामिया पुलिस के संरक्षण होने के भी बात सामने आ रही है। थाना और चौकी के सामने से रेत के गुजरने वाले वाहन तो कम से कम यही सिद्ध करते हैं। बीती रात नायव तहसीलदार ने रात्रि लगभग 11 बजे कपूरनाला के जंगल से चोरी की रेत ला रहे वाहन एमपी 51 जी 1544 को रोका और उससे रॉयल्टी संबंधी, पूछताछ की तो चालक कोई कागजात नहीं दिखा पाया।

इस रेत चौरी के ट्रक को नायब तहसीलदार ने थाने में खड़ा कर अवैध रेत खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया। इस तरह बीती रात पकड़े गए रेत चोरी के वाहन से सिद्ध हो गया कि पुलिस खनिज और देलाखारी रेंज की कपूर नाला क्षेत्र का वन अमला इन रेत चोरों से मिला हुआ है। और उनकी सहभागिता से ही कपूर नाला के जंगलों से रेत की चोरी हो रही है।

## निगम के 48 वार्डों में हो सकेगी कर वसूली

# अवकाश के दिवस में भी खुले रहेंगे वसूली काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में मात्र 3 दिवस ही शेष है, जिसमे से शुक्रवार को गुड फ्राइडे , शनिवार एवं रविवार को सामान्य अवकाश होगा। नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर 29 , 30 एवं 31 मार्च मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय कुकड़ा जगत, जगन्नाथ स्कूल, चंदनगांव एवं लोनिया करबल जोन के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर प्रतिदिन के कार्यालय समय पर खुले रहेंगे तथा जोन के अन्य कर्मचारी भी कार्यलय में उपस्थित रह कर कर वसूली संबंधी कार्य में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही निगमायुक्त के आदेश पर सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं जलकर वसुलिकर्ता वार्ड में कर संग्रहण का कार्य करेंगे। निकाय क्षेत्र के करदाता तथा उपभोक्ता अपने संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा वार्ड के कर संग्रहकर्ता को कर सकते है।31 मार्च तक नहीं जमा हुआ कर तो खत्म होगी 50% की छूटनगर निगम द्वारा आवासीय भवनों के संपत्ति कर में प्रतिवर्ष 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है परंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 सितंबर 2020 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि भवन स्वामी द्वारा चालू वर्ष के संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च तक नहीं किया गया तो संपत्ति कर पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट समाप्त हो जायेगी और भवन स्वामी को मूल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही भवन स्वामी पर अधिभार भी अधिरोपित किया जाएगा। इस असुविधा से बचने के लिए भवन स्वामी करदाता को अपने बकाया संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च के पूर्व करना होगा।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण में 183 मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का दो दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर दो पालियों में आयोजित किया गया था। प्रत्येक पाली में पूल रूम व्यवस्था के तहत एक रूम में थ्योरी का प्रशिक्षण दिया गया और दूसरे रूम में ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण देकर हैंड्स ऑन कराया गया। इसमें पहले दिन सभी सातों विधानसभाओं को मिलाकर यह प्रशिक्षण 8757 मतदान कर्मियों के लिए आयोजित किया गया था, जबकि आज दूसरे दिन 6 विधानसभाओं परासिया, जुन्नारदेव, छिंदवाड़ा, चौरई, अमरवाड़ा व सौंसर को मिलाकर यह प्रशिक्षण शेष 4707 मतदान कर्मियों के लिए आयोजित किया गया। पांढुर्णा विधानसभा में पदस्थ मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कल प्रथम दिवस ही दोनों पालियों में पूर्ण हो गया था। आज दूसरे दिन भी 3 विधानसभा चौरई, अमरवाड़ा व सौंसर में प्रथम पाली में प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जबकि शेष 3 विधानसभा छिंदवाड़ा, परासिया व जुन्नारदेव में दोनों पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 3-3 घंटे का यह प्रशिक्षण दो दिवसों में कुल 13476 मतदान कर्मियों के लिए संबंधित विधानसभा के निर्धारित प्रशिक्षण स्थल विधानसभा जुन्नारदेव में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव, विधानसभा अमरवाड़ा में शासकीय मॉडल स्कूल अमरवाड़ा, विधानसभा चौरई में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई, विधानसभा सौंसर में शासकीय महाविद्यालय सौंसर, विधानसभा छिंदवाड़ा में महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा, विधानसभा परासिया में शासकीय पॉलिटेक्नीक कॉलेज खिरसाडोह और विधानसभा पांढुर्णा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पांदुर्णा में संपन्न हुआ।

## लॉटरी के माध्यम से बच्चों का कराया प्रवेश

**सौंसर।** गुरुवार को नगर के सी. एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक शाला सौसर में कक्षा 6 वी के प्रवेश के लिए लॉटरी का आयोजन किया गया, लाटरी में कुल 60 सीटो के लिए 60 छात्र/छात्राओ के एड्मिशन के लिए लॉटरी निकाली गई।जिसमें कुल 111 छात्र/छात्राओ में से 60 छात्र/छात्राओ के एडमिशन की चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की गई।चयन प्रक्रिया शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा,उप प्राचार्य संजय गवनेकर, सुभाष कलम्बे ,माध्यमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती वैशाली कोरडे, दिलीप विश्वकर्मा,प्राथमिक शिक्षक श्रीमती ज्योति कडू एवं पालकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।



## सेवा को मिला सम्मान, सम्मानित हुए रितेश



**छिंदवाड़ा।** जिले में सर्वाधिक रक्तदान करवाने के लिए गुरूवार को जिला अस्पताल ब्लड बैंक द्वारा समाजसेवी रितेश चौरसिया जागते रहो ग्रुप, खून का रिश्ता ग्रुप को सम्मानित किया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 31 मार्च से

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 तहसील रोड स्थित गायत्री मंदिर परिसर में 31 मार्च रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन साहू समाज द्वारा अपने पूर्वज पितरों की स्मृति में कराया जा रहा है भागवत कथा में पंडित अमित कृष्ण जी महाराज वृंदावन धाम मथुरा द्वारा कथा का बखान किया जाएगा।

## 5 अप्रैल को रामपेठ में होगा भीम बुध्द गीतों का महोत्सव



**सौंसर।** संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की 14 अप्रैल को मनाए जाने वाली जयंती समारोह को लेकर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बौद्ध अनुयायियों के द्वारा जोर-जोर के साथ में तैयारीया की जा रही है। संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर रामपेठ ग्रामवासियों की और से जयंती पर भीम जयंती महोत्सव के अंतर्गत 5 अप्रैल शुक्रवार को शाम 7 बजे शिवाजी चौक रामपेट में संगीतमय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महाराष्ट्र के मशहूर गायक प्रबोधन कर विकास राजा एवं अश्विनी रोशन चंद्रपुर के द्वारा तथागत बुद्ध छत्रपति शिवाजी महाराज संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले आईरमाई के जीवन पर आधारित संघर्ष में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियों की जाएगी आयोजन कमेटी की ओर से जोर शोर के साथ में तैयारी की जा रही है साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आयोजन में शामिल करने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा नगर में निवासरत महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार की समस्त इकइयों के पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष रामकुमार सोनी निनावे द्वारा आयोजित की गई, जिसमें सभी ने एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया एवं आगामी समय में होली मिलन समारोह तथा आदर्श सामूहिक विवाह समारोह करने पर भी चर्चा हुई. कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकारिणी से राजू पापडे, आर पी सोनी, नंदकिशोर कुर्वे, कृष्ण राव निनावे, मनोज आरपुरे, रामकुमार निनावे, देवराव निनावे, महेश गोलू ठेसके, रामता सोनी, जिला युवा कार्यकारिणी से मिथिलेश सोनी, सुभाष खरवड़े, प्रशांत सवाशेरे, शिवराज भुजाड़े, मुकेश बांगरे, राजेंद्र सोनी, तुकाराम गुरव, पवन कुमार निनावे, नगर समिति से रामस्वरूप खरवड़े, मनेश उरकूड़े, दिगम्बर मस्के, नारायण टेटे, मुकेश बांगरे, रीतेश बांगरे, राजेंद्र मरजीवे, पनढरी सोनी, मुकेश बांगरे, संतोष बांगरे, प्रदीप राजू गुरव, महिला कार्यकारिणी से रीता भुजाड़े, आशा सोनी निनावे, वैशाली सोनी उपस्थित रहे। आभार महेश गोलू ठेसके द्वारा व्यक्त किया गया।

## पुलिस ने समसवाड़ा बेरियर से बरामद किए चार लाख रूपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चौरई के समसवाड़ा बैरियर में गुरूवार को SST बैरियर समसवाड़ा चौरई में वाहन क्रमांक MP51CA6551 सफारी से पुलिस टीम टी आई संजय भलावी चौकी प्रभारी कपूर्दा उप निरीक्षक सावित्री बघेल एवं सउनि राजकुमार कुमरे आर सतीश बघेल योगश मालवीय थाना चौरई एसएसटी टीम द्वारा 4 लाख रूपए जप्त किया गया। चौकी प्रभारी कपुर्दा की उप निरीक्षक सुश्री सावित्री बघेल और थाना चौरई के सहायक उप निरीक्षक राजकुमार कुमरे ने रानी दुर्गावती वार्ड मंडला के निवासी 38 वर्षीय आकाश पिता नंदकिशोर चौरसिया के वाहन से नगदी रूपए बमराद किए।

# निगम अमला कर रहा लोगों को जागरूक

**प्रतिदिन पहुंच रहे शहर में अलग अलग क्षेत्रों में, मतदान के लिए लोगों को कर रहा प्रेरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर छिंदवाड़ा शहर में स्वीप गतिविधि के प्रभारी एवं नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम अमले द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में स्वीप गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय शहर के आदेश पर निगम दल ने एरकॉन सिटी के रहवासी कल्याण संघ के सदस्यो से मुलाकात की।

दल द्वारा चुनाव की तारीख एवं वोटिंग मशीन के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत सहायक यंत्री विवेक चौहान द्वारा सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। निगम के स्वीप प्लान गतिविधि दल द्वारा आरओबी खजरी रोड स्थित एनसीसी बटालियन कार्यालय पहुंच कर एनसीसी कैडेट्स को अधिक से अधिक मतदाता जागरूकता के लिए कार्य करने की अपील करते हुए शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। इसके उपरांत निगम दल द्वारा शनिचरा बाजार स्थित श्रीमद दयानंद स्कूल के शिक्षकों से भी आम जनों को मतदान हेतु जागरूक करने की अपील तथा शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई । निगम के स्वीप गतिविधि दल द्वारा स्लम बस्तियों में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा आम नागरिको को एकत्रित कर मतदान प्रक्रिया को समझाया गया तथा मतदान की महत्वता बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई। इस दौरान नगर निगम सहायक यंत्री विवेक चौहान, उपयंत्री स्मिता इंदौरकर, सीटी मैनेजर उमेश पयासी , डॉ. सेवंती पटेल राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक एवं पवन सोनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगमायुक्त के निर्देश पर शहर में स्वीप गतिविधि लागतार आयोजित की जा रही है।

# स्वच्छता ही सेवा के अग्र बनकर काम कर रहे स्वयंसवेक

**स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को दी जा रही स्वच्छता की जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वच्छता एक्शन प्लान 2023-24 के अंतर्गत एन एस एस क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा संस्था प्राचार्य प्रो श्रीमती स्मृति हाबिल के संरक्षण में एनएसएस जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम खुनाझीर कला, ताराटोला, सेमाढाना में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। पर्यावरण जन जाग्रति के लिए घर घर जाकर ग्रामीणों से हरे भरे पेड़ की कटाई को रोकने के लिए आव्हान किया तथा अपने घरों के आसपास के कचरे को इकट्ठा कर उसे डस्ट बिन में डालें। जिससे स्वच्छता भी होगी और पर्यावरण का संरक्षण भी होगा।

## पीजी कॉलेज के विद्यार्थी बनगांव में चला रहे जन जागरूकता अभियान

**छिंदवाड़ा।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा एवं पी जी कॉलेज प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंशाराम उईके व श्री महेंद्र साहू के नेतृत्व में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई क्रमांक 1 एवं 2 का सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष शिविर ग्राम बनगांव में ॿस्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीमॿ पर दिनांक 25 से 31 मार्च तक आयोजित हो रहा है जिसमें शिविर के तृतीय दिवस सुबह 5:30 बजे शिविर नायक विशाल सलामे के नेतृत्व में प्रभात फ़ेरी निकालकर प्रार्थना की गयी तथा योगा- प्रणायाम करने के पश्चात आवहन गीत के माध्यम से सुबह के सत्र का समापन हुआ अगले सत्र में परियोजना कार्य के दौरान उपशिविर नायक लोकेश सनोडिया के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने परियोजना कार्य में विद्यालय परिसर की साफ़-सफ़ाई मैदान का समतलीकरण कर शिविर हेतु अनुकुल परिस्थितियो का निर्माण किया।



## परिवहन विभाग के जांच दल ने नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में की वाहनों की सघन जाँच

# सात वाहनों से वसूला 7 हजार 500 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



परिवहन आयुक्त ग्वालियर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सभी छोटे-बड़े घरेलू उपयोग के वाहन स्वामियों व सभी व्यावसायिक वाहन संचालकों को हूटर, सायरन, बैनर, स्लोगन, पदनाम नेम प्लेट को तत्काल हटाने संबंधी विशेष निर्देश दिये गये है। यदि वाहन स्वामी या वाहन चालक द्वारा इस प्रकार के कृत्य किये जाते हैं तो उनका वाहन जप्त किया जाकर दोषी के विरूध्द कडी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी । इन बिन्दुओं पर जाँच कार्यवाही चुनाव प्रक्रिया के दौरान निरंतर जारी रहेगी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा आज नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर वाहनों की सघन जाँच की गई जिसमें बिना एच.एस.आर.पी.नम्बर प्लेटों की जांच का कार्य प्रमुखता से कर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा और सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई। इसमें वाहनों के सभी दस्तावेजों की जाँच की गई जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन चालक के पास वाहन के अनुसार योग्य व वैध लाइसेंस की जाँच और वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार, वाहनों की परिस्थिति चलने योग्य है या नहीं आदि ऐसे सभी बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जाँच की गईं। उन्होंने बताया कि वाहनों की चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गई और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। इस दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने और वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर ऐसे वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 7 वाहनों 7500 रूपये का जुर्माना लिया गया जिसमें हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर 4 वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 2000 रूपये का लिया गया जुर्माना शामिल है । उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को निर्देश दिये हैं कि अपने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट शीघ्र लगवायें तथा मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## सिंगोड़ी में लगेगा रंगपंचमी का ऐतिहासिक मेला, संपूर्ण प्रदेश में प्रसिद्ध है सिंगोड़ी का रंग पंचमी का मेला

# रंग पंचमी मेले का होगा भव्य जीवित समाधि स्थल पर आयोजन 30 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रंग पंचमी के विशाल ऐतिहासिक मेले को लेकर आज से पांच दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। रंगपंचमी पर लगने वाला सिंगोड़ी में विशाल ऐतिहासिक मेले की जानकारी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिया और जानकारी देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में प्रमुख रूप से चर्चा की।जिसमे समिति सदस्यों ने बताया कि सिंगोड़ी में लगने वाला ऐतिहासिक रंगपंचमी के मेले में भीड़ बड़ने की संभावना है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी को पूर्ण कर ली है।साथ ही आसपास का पुलिस बल को भी यहां बुलाया जाता है मेले में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के लिए जगह जगह स्टॉपर लगाकर वाहनों का आगमन और निर्गमन किया जाता है ताकि लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट मूड में है और सुरक्षा के पूर्णतः इंतजाम किए जा रहे है।सिंगोडी में रंग पंचमी को लगता है आस्था का विशाल मेला रंग पंचमी में रहेगी हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की भारी भीड़अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी जो कि धार्मिक नगरी के नाम से सारे क्षेत्र में जानी जाती है जहां सर्वधर्म समभाव की भावना से हर धर्म संप्रदाय के लोग अपना मत्था टेकने पहुंचते हैं हम बात कर रहे हैं कबीर वाडा चौक में स्थित जीवित समाधि स्थल की जहां पर पंथ श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब की जीवित समाधि स्थल है कई वर्षों पुरानी यह जीवित समाधि स्थल जहां पर होली से लेकर रंग पंचमी तक विशाल मेला का आयोजन किया जाता है यहां पर जो भी भक्त अपनी मन्नतो को लेकर आता है उसकी हर मन्नत अवश्य पूर्ण होती है।देश प्रदेश से पहुंचते हैं भक्तगणसिंगोडी नगर के जीवित समाधि स्थल पर मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत से कबीर पंथ के अनुयाई इस जीवित समाधि स्थल पर पहुंचते हैं जिसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश , महाराष्ट्र ,छत्तीसगढ़, गुजरात राजस्थान, बिहार ,दिल्ली, आदि अनेक जगह से लोग यहां पर आते हैं और चौका आरती कर अपनी मन्नतो को पूर्ण करते हैं लोगों के अनुसार कबीर पंथ के सातवें वंशाचार्य गुरु के रूप में पंथ श्री सुरूती सनेही नाम साहेब ने इस ग्राम में जीवित समाधि ली थी मान्यता है कि होली से लेकर रंग पंचमी तक उनका पहरा संपूर्ण ग्राम में लगता है बुजुर्गों का कहना है कि साहेब सफेद घोड़े में सवार होकर निकलते थे आज भी होली से लेकर रंग पंचमी तक उनका पहरा ग्राम में लगता है और जो भी इस समाधि स्थल पर नारियल ,वजन भर सिरनी गुड ,चिरौंजी दाना आदि का प्रसाद चढ़ाता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है साहेब दरबार की जीवित समाधि स्थल होने के कारण इसका अद्भुत चमत्कार यहां देखने को मिलता है।5 दिनों तक किया जाता है विशाल भंडारासत्य नाम साहेब दरबार समिति सिंगोड़ी के द्वारा हर वर्ष होली के दिन से लेकर रंग पंचमी तक मतलब 5 दिनों तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन सुबह और शाम इस भंडारे के महाप्रसाद को ग्रहण करते हैं और साहेब दरबार से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं वही भंडारे हेतु अनेक लोग अपनी श्रद्धा अनुसार यहां पर दान भी करते हैं आए दिन लोगों की भारी भीड़ यहां पर देखने को मिलती है जो कि कबीर पंथ के लोगों में एक बड़ा आस्था का केंद्र देखने को मिलता है सिंगोड़ी का रंगपंचमी का यह मेला कई वर्षों पुराना है जो कि ऐतिहासिक मेले के रूप में जाना जाता है जो भी व्यक्ति सच्चे मन आस्था और पूर्ण श्रद्धा के साथ इस जीवित समाधि स्थल पर पहुंचता है उसकी मनोकामना साहेब जरूर पूरी करते हैं अनेक प्रांत और जगहों के लोग यहां पर अपने बच्चों की झालर उतारते हैं तो वहीं बहुत से लोग चौका आरती का कार्यक्रम कर महाप्रसाद का वितरण करते हैं।

# हेलमेट लगाने और सीट बेल्ट धारण करने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उच्च न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन WP (Pil) 7436/21 ऐश्वर्या शाडिल्य विरूद्व शासन एवं अन्य में पारित निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट धारण करने और चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट धारण करने के संबंध में पुनः दिशा निर्देश प्रसारित किये गये हैं । ये दिशा निर्देश जिले के सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय व निजी कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों, सभी स्कूल व कॉलेजों के प्रधान अध्यापक/प्रधानाचार्य/प्राचार्य आदि को जारी किये गये हैं।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने जिले के सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय व निजी कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों को पिलीयन राईडर सहित हेलमेट धारण करने के संबंध में लिखित निर्देश जारी करें और हेलमेट धारण नहीं करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुये कार्यालय में प्रवेश निरूद्ध करने संबंधी सख्त हिदायत दें । उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग और सभी स्कूल एवं कॉलेजों के प्रधान अध्यापकों/ प्रधानाचार्यो/ प्राचार्यो को निर्देश दिये हैं कि सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों व कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वे विद्यार्थियों को स्कूल/कॉलेज लेकर आते-जाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट धारण करें और जो छात्र-छात्रायें स्वयं वाहन से स्कूल/कॉलेज जाते है, वह भी हेलमेट धारण करें । हेलमेट धारण नहीं करने वाले अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश निरूद्ध करने संबंधी सख्त हिदायत दें।

# प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर दिव्यांग और बुजुर्ग को किया मतदान के लिए प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी जनपद शिक्षा केन्द्र चौरई श्री विजय पवार के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधि कैलेंडर के अनुसार आज विकासखण्ड चौरई के प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं का अभिनन्दन कर उन्हें मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। स्वीप प्रभारी श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिये चुनाव का पर्व-देश का गर्व कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड चौरई के प्रत्येक मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिका आदि ने मिलकर गृह भेंट की और मतदान केंद्र में आमंत्रित कर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को तिलक लगाकर फूल भेंट किये और उनका सम्मान किया । दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं से आव्हान किया गया कि वे इस बार भी पूरे जोश के साथ मतदान अवश्य करें । इसी प्रकार नगर पालिका परिषद चौरई द्वारा रानी अवंतीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई व नगर परिषद चाँद द्वारा शासकीय महाविद्यालय चाँद में सेल्फी पॉइंट स्थापित किये गये, जहां प्रशिक्षणरत मतदान अधिकारियों ने सेल्फी का लुत्फ उठाया तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी सेल्फी ली ।



# उर्मिला हुई भाजपा में शामिल राज्यसभा सांसद ने किया स्वागत

**जुन्नारदेव :** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही बड़े पैमाने पर नेताओं का भाजपा प्रेम झलकने लगा है। कुछ दिनों से जिले के चर्चित चेहरों ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। यह क्रम लगातार जारी है। जिसकी एक झलक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष,राज्य सभा सांसद की उपस्थिति में भी देखने को मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसारभारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की नामांकन रैली पश्चात जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा राज्य सभा सांसद दीदी कविता पाटीदार की उपस्थिति में जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद की कांग्रेस पार्षद श्रीमती उर्मिला अम्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी की रीति से प्रभावित होकर आज भाजपा परिवार में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 16 की कांग्रेस पार्षद को भाजपा में लाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे , पार्षद संजय जैन, मंडल अध्यक्ष नवजीत मोनू जैन जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर पार्षद अमित यादव विजयपाल सहदेव यदुवंशी विवेक चंद्रवंशी एवं कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ शोभाराम मेहरा, जिला संघटक प्रो रविन्द्र नाफडे, प्राचार्य डॉ आर पी यादव के मार्गदर्शन में हुआ।

स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य थीम पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर पी यादव ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामना संदेश के साथ दल को रवाना किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालते हुए मतदाता जागरूकता के नारे के साथ शिविर स्थल ग्राम सामरबोह पहुंचे। शिविर स्थल पहुंचकर स्वयंसेवकों ने गाजर घास का उन्मूलन कर ग्राम पंचायत के आसपास की सफाई की और कचरा एकत्रीकरण कर इसका प्रबंध किया गया। प्रथम दिवस बौद्धिक सत्र के दौरान स्वयंसेवकों को साथ दिवसीय विशेष शिविर के उद्देश्यों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सामरबोह के सरपंच कृष्ण कुमार धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने स्वायसेवकों को सामाजिक कार्य के प्रति जागरूक होने की बात कही एवम शिविर को लेकर प्रसन्नता जाहिर की। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री अजीत सिंह गौतम ने स्वयं सेवकों को शिविर में अनुशासित रहकर कार्य करने के प्रति अपनी मंशा जाहिर की। शिविर में ग्राम पंचायत सचिव सुनील भास्कर, मोबिलाइर दामिनी सहायक प्राध्यापक डॉ नसरीन अंजुम खान, श्री सूर्यकांत शुक्ला एवम स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता विश्वेश्वर आसटकर ने लिखा सीएम मोहन यादव को पत्र

# धान की बोनस राशि नहीं मिलने से किसान आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज लांजी।

तीन माह पूर्व संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा का परचम लहराने के लिये भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र जारी किया गया था जिसमें 5 सालों तक गरीबों को मुफ्त राशन से लेकर किसानों से 2700 रू. प्रति क्विंटल गेंहू की खरीदी, 3100 रू. क्विंटल धान की खरीदी, किसान सम्मान निधि और किसान कल्याण योजना से किसानों को सालाना 12000 रू., मध्यप्रदेश के हर परिवार को घर, प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जनआवास योजना, लाडली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ पक्का मकान, लाडली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल 2 लाख, उज्जवला और लाडली बहनो को 450 में गैस सिलेंडर, तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4000 रू. प्रति बोरा, गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वी कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, सरकारी स्कूल में मिड-डे मिल के साथ पोष्टिक नाश्ता दिये जाने की बात मध्यप्रदेश के संकल्प पत्र में उल्लेखित की गई थी। परंतु आज तीन माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार अपने संकल्प पत्र के एक भी वादे को पूरा नहीं कर पाई है जिससे खासकर अन्नदाता किसानों में सरकार के प्रति खासा आक्रोश है। जिसको लेकर अब भाजपा के कार्यकर्ता भी सरकार द्वारा अपना वादा पूरा नहीं किये जाने से किसानों के निशाने पर है, जिसके बाद लांजी तहसील क्षेत्र ग्राम सुनार ककोड़ी निवासी विश्वेश्वर आसटकर ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों को शीघ्र ही बोनस की राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। अपने पत्र में श्री आसटकर ने कहा की विधान सभा चुनाव के पहले पार्टी ने 3100 रु.



क्विं धान खरिदी किसानों से कहा गया था परन्तु किसानों की धान 2183 प्रति कुष्टल के हिसाब से खरिदी की गई बाकी बची हुई राशि किसानों को बोनस के रूप में देने कि बातें सामने आ रही थी परन्तु आज तक किसी प्रकार की कोई भी राशि किसानों को प्राप्त नहीं हुई है जिससे किसानों में असंतोष का माहोल व्याप्त है और किसान वर्ग काफी नाराज चल रहा है अतः किसानों का बोनस तत्काल आदेश पारित करने अन्नदाताओं के आक्रोश को शांत करें।

# संवीक्षा के बाद बालाघाट संसदीय सीट के लिए 17 अभ्यर्थी निर्वाचन क्षेत्र में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जारी अधिसूचना के निर्धारित कार्यक्रमानुसार गुरुवार को रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने 27 मार्च तक प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा की। संवीक्षा के बाद बालाघाट संसदीय सीट से अब 17 अभ्यर्थी निर्वाचन क्षेत्र में शेष रहे है। हालांकि आयोग के निर्देशानुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। संवीक्षा के बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी से कंकर मुंजारे, भारतीय जनता पार्टी से भारती पारधी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सम्राट अशोक सिंह सरस्वार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से नंदलाल उइके, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से प्रियंका, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से डी.एल.मानेश्वर, राष्ट्रवादी भारत पार्टी से मोहन राउत और मध्यप्रदेश जन विकास पार्टी से अधिवक्ता सत्यप्रकाश शुल्के (लोधी) निर्वाचन क्षेत्र में है। जबकि निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में दिलीप छाबड़ा, धनेन्द्र कुमार, फिरोज खान उर्फ राजा भैय्या, भुवन सिंह कोराम, मनोरमा नागेश्वर, महादेव नागदेवे, राजकुमार, सूरज ब्रम्हे और भाऊ सौरभ लोधी शेष रहे है।

**दो निर्दलीय अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र हुए निरस्तः** एसडीएम व एआरओ श्री गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि संवीक्षा के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी श्री दीपक कुमार चौधरी और मनोज कुमार सय्याम के नाम निर्देशन पत्र निरस्त किये गए है। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी दीपक कुमार चौधरी का नाम निर्देशन पत्र प्रारूप-26 नियम-4(क) के अंतर्गत प्रस्तुत शपथ पत्र अपूर्ण होना पाया गया। अभ्यर्थी को जारी मिलान सूची दिनांक 27 मार्च को अवगत कराया गया कि शपथ पत्र के भाग-क की कंडिका-4, कडिका-7, कंडिका (6,7) भाग-ख स्थावर आस्तियों के ब्यौरे तथा कंडिका-8,9,10 और भाग-ख के सम्पूर्ण खाने भरे नहीं गये।

# सी.एम.राइज विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 1 से 8 वीं तक लॉटरी सिस्टम से दिया गया प्रवेश




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सी.एम.राइज टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्रानुसार सत्र 2024-25 में सी.एम.राइज विद्यालयों में नवीन प्रवेश देने के संबंध में निर्देश जारी किये गए है। जिस तारतम्य में 27 मार्च को मुख्य अतिथि एन. के. डहाटे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विशेष अतिथि सतेन्द्र शरणागत विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, कुंजीलाल चौहान संकुल प्राचार्य कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी तथा संस्था के उप प्राचार्य हुमराज पटले की अध्यक्षता में कक्षा 1 से 8 वीं तक लॉटरी सिस्टम द्वारा नवीन प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।

इस लॉटरी सिस्टम प्रवेश प्रक्रिया में लगभग 68 पालक एवं 104 बच्चों द्वारा सहभागिता दी गई। लॉटरी सिस्टम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एन.के.डहाटे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विशेष अतिथि सतेन्द्र शरणागत विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, कुंजीलाल चौहान संकुल प्राचार्य कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी तथा संस्था के उप प्राचार्य हुमराज पटले द्वारा मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना करने के पश्चात लॉटरी सिस्टम से विद्यार्थियों के नाम छपी पर्चियॉ निकाल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा उपस्थित पालक एवं बच्चों द्वारा भी इस लॉटरी सिस्टम प्रक्रिया में नामांकित पर्चियॉ निकाली गई।

# 72 वर्षीय महिला की कुए में मिली लाश, मची सनसनी

**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सुकली में 72 वर्षीय वृद्ध महिला की लाश कुंए में मिली है. गुरूवार की सुबह लाश मिलने के बाद पूरी गांव में सनसनी फैल गई. मृतक महिला की पहचान जंतुरा बाई पति स्व. जंगी कुंजाम के रुप में हुई है. लाश देखे जाने के बाद परिजनों ने तिरोड़ी पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद करने के बाद पंचनामा कार्रवाई पूरी कर ली है. सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. महिला का शव सुकली में ही नंदु जायसवाल के खेत में बने खुले कुएं से बरामद किया गया है. बताया जाता है कि महिला के चार पुत्र है और वह बारी-बारी से अपने सभी पुत्रों के यहां निवास करती थी. गांव में चर्चा है कि महिला शराब पीने की भी आदि थी. जिस कारण ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि नशे की हालत में कुएं में गिरने से महिला की मौत हो गई।

## सोननदी से हो रहा था रेत का अवैध परिवहन

# रेत का अवैध खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर जब्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी (सा.) अंतर्गत कर्मचारियों की रात्रि कालीन निर्धारित वन गश्ती रोस्टर अनुसार 27 मार्च की रात्रि में वन गश्ती दल प्रभारी आशीष नागेश्वर, वनपाल परिक्षेत्र सहायक सुलसुली एवं बीजागढ़ वृत- हमराह राकेश मद्रे वनरक्षक, राधेश्याम ताराम, जाकिर खान, महेश नंदा के द्वारा अपने निर्धारित रूट चार्ट अनुसार वन गश्ती की जा रही थी। वन गस्ती के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सोन नदी से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ग्राम धर्मशाला होकर बोदरा घाट में निर्माणाधीन आवासीय मकान में आरोपी, ट्रैक्टर ट्राली से रेत लाकर देने वाला है इस बात की सूचना परिक्षेत्र सहायक सुलसुली वृत द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को दी गई तब उपवन मंडल अधिकारी लांजी (सा) राकेश अड़कने, वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सा) अभिषेक जाट तथा परिक्षेत्र सहायक सुलसुली वृत, आशीष नागेश्वर वनपाल के नेतृत्व में पूर्व लांजी सामान्य के अन्य स्टाफ कर्मचारियों तथा अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति नलेझरी ए सुरक्षा श्रमिकों के सहयोग से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करने वाले वाहन चालक एवं वाहन मालिक को मौका स्थल पर पड़कर वाहन जप्त कर अपने अभिरक्षा में लेकर वन परिक्षेत्र कार्यालय पूर्व लांजी (सा) लाने की योजना बनाई गई और वन गश्ती दल द्वारा उक्त वाहन के आने का इंतजार किया गया । रात्रि के 12.05 बजे वाहन चालक पुनउ मरकाम, ट्रैक्टर ट्राली में लगभग दो घन मीटर रेत लेकर अपने ट्रैक्टर मालिक के साथ धर्मशाला से बोदरा घाटी की तरफ आ रहे थे तभी गश्ती दल द्वारा बोदरा घाटी में वाहन को रोक कर रेत उत्खनन कर परिवहन करने के संबंध में पूछताछ की गई । ट्रैक्टर वाहन मालिक द्वारा सोन नदी से रेत उत्खनन कर लाने तथा रेत बेचने की बात स्वीकार किया गया तब वन गश्ती दल द्वारा मौकास्थल पर जप्ती की कार्यवाही कर अपराध का प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन क्रमांक 15 411/7 दिनांक 28 मार्च 2024 जारी कर प्रकरण पंजीबद्ध कर वाहन को अपनी अभिरक्षा में लेकर प्रातः 4.15 बजे कार्यालय के प्रांगण में लाकर सुरक्षित रखा गया है तथा आगे की कार्रवाई जारी है ।

## राइजिंग स्टार जूनियर ने किया आयोजन

# अंडर 15 फुटबॉल का हुआ आगाज



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** खनिज के साथ साथ फुटबाल नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में लोगो के अंदर फुटबाल का नशा सा है,जहा आए दिन फुटबाल प्रतियोगिता होती रहती है,जहा के लोगो में खेल के प्रति अलग जुनून और दिवानगी रहती है,इसी तारतम्य में राइजिंग स्टार उकवा द्वारा ग्राम के दिवंगत खिलाड़ी स्व पुरणो छत्रिया, स्व ईश्वर यादव,स्व बलीराम यादव,स्व कृष्ण मरावी की पावन स्मृति में तीन दिवसीय अंडर 15 फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज उकवा खान के मुख्य कार्मिक अधिकारी समीर बैनर्जी के मुख्य आतिथ्य एवं युवा समाजसेवी एवं फुटबाल संघ के जिला उपाध्यक्ष जेम्स बारीक की अध्यक्षता में समस्त दिवंगत खिलाडियों के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर रिबन काट कर किया गया,जहा आयोजक समिति के खिलाड़ियों द्वारा बड़े गर्म जोशी से अथितियो का स्वागत किया गया,शुभारंभ अवसर पर प्रथम मैच समनापुर और ई एफ सी उकवा के मध्य खेला गया जिसमे पेनल्टी शूट आउट में ईएफसी उकवा विजेता घोषित हुई,दूसरा मैच गोंडवाना नारंगी और चिकलाझोड़ी के मध्य खेला गया जिसमे एक गोल से झिखलाझोड़ी विजय रही,और तीसरा मैच यूनाइटेड लगमा और पवन स्पोर्ट राजपुर के बीच खेला गया जिसमे पवन स्पोर्ट राजपुर विजय रही,प्रतियोगिता का समापन 29 मार्च को किया जायेगा,आयोजन को सफल बनाने के अपील समिति के विनेश छत्रीया, अंश छत्रिय,गौरव साहू,राज अंशुल सिक्का,सुदेश धुर्वे,कुशाग्र वासनिक,अमन रावते,हर्ष अजीत,प्रथ्विराज यादव,जागेश्वर यादव,दुर्गेश साहू,खिलेश भोआर्य,लालेश्वर गोरे,आनंद मरावी,डोमेंद्र यादव,काव्य पिस्दा, साकेत बाघ,समीर नाग,समर्थ वर्मा, अनुज छत्रीया आदि ने की है।

# क्षेत्र में महुआ के पेड़ से टपक रहे फूल, सुबह से ही महुआ बीनने पहुंच रहे



**हरिभूमि न्यूज खमरिया।** जप लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम खमरिया सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में महुआ के फूल टपकता शुरू हो गया हैं, फूल समेटने के लिये ग्रामीण पूरे परिवार के साथ सुबह से ही जंगलों व खेतों की ओर चले जाते हैं। इस दौरान सुरक्षा के लिये हाथ में लाठी व महुआ फूल रखने के लिये टोकरी साथ जाते हैं। सूर्य के चढ़ते ही पेड़ से फूल गिरना कम हो जाता हैं। गर्मी का मौसम आते ही महुआ के पेड़ों पर आई कुचलको से लद गये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि महुआ का फूल बीनने में काफी मेहनत होती हैं। पहले इसकी रखवाली आधी रात से करनी पड़ती हैं तब जाकर महुआ फूल बच पाते हैं महुआ फूल पेड़ से नीचे एक एक कर गिरते हैं।

खबर संक्षेप

## वान्या आसवानी का सुयश



हरिभूमि न्यूज सिवनी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ऊधवदास आसवानी की पोती राम आसवानी की पुत्री वान्या आसवानी ने कक्षा 6 वी संत फ्रांसिस ऑफ असीसी स्कूल में 95.89% अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान पाया सामाजिक बंधुओ ने उन्हे बधाई दी एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कामगारों का मतदान दिवस पर रहेगा संवैतनिक अवकाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान प्रथम चरण मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024, द्वितीय चरण 26 अप्रैल, तृतीय चरण 07 मई एवं 13 मई 2024 को राज्य में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारबार/व्यवसाय में नियोजित कार्यरत प्रत्येक कामगार का मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश रहेगा।

# लगातार जारी है मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में मतदाता जागरूकता गतिविधियां वृहद स्तर पर जारी हैं। स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नवमतदाताओं को आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम कहानी,रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, भोमा, मकरझिर के मतदाताओं को बिना प्रलोभन मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। श्रम एवं उद्योग विभाग द्वारा निमार्ण एवं अन्य संस्थानों में कार्य कर रहे श्रमिकों के मध्य जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं ग्राम घोघरी रैयत में ग्रामीण महिला मतदाताओं के मध्य मेंहदी-रंगोली जैसी गतिविधियों का आयोजन कर मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु किया गया प्रोत्साहित तथा स्वीप गतिविधी अन्तर्गत वोटर सेल्फी पॉइंट बनाकर मतदाताओं को आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने हेतु किया जा रहा प्रोत्साहित।





## कामगारों का मतदान दिवस पर रहेगा संवैतनिक अवकाश

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः बरघाट-114, सिवनी-115, केवलारी-116 तथा लखनादौन-117 में होने वाले मतदान पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 हेतु जिले में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन घोषित किया है।

## मतदाता जागरूकता के लिए छात्र छात्राओं ने लिखी पाती

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय पवार के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखतें हुए जिलें में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करनें हेतु मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप प्लान) के अंतर्गत आईटीआई छपारा में निरंतर विविध प्रकार की गतिविधियां मतदाताओं को जागरूक करनें के उद्धेश्य से की जा रही है। इसी क्रम में लोकतंत्र की पाती कार्यक्रम संस्था में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने प्रिय जनों को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव में निर्वाचन हेतु मतदान करनें के लिए प्रेरित किया । छात्रा तान्या अशर ने अपनें पत्र में लिखा कि चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसकें बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है । अतः इस चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें, इसके अलावा छात्रा देवकली ने अपनें पत्र में लिखा कि मतदान करनें का अधिकार हमें प्राप्त सबसे महत्तवपूर्ण अधिकार है, इसका अधिकार जिसको भी प्राप्त है उसे अवश्य मतदान करना चाहिए । स्वीप नोडल अधिकारी ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साह से सहभागिता प्रदान की । कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी नें मतदान प्रतिशत में अभिवृद्धि व जागरूकता के लिये कॉलेज निरन्तर प्रयत्नरत है । आई टी अधिकारी संजय कुमार उइके ने बताया कि मताधिकार लोकतंत्र का आधार है । कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीष सूर्यवंशी, हर्ष सोनी,रंजना गुप्ता,अमित शर्मा,नीरज उइके,शालिनी उइकें ,प्रतिभा सोनी,राकेश तिवारी व मनीषा लांबा का विषेष योगदान रहा ।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस सतना में संदीप बने विजेता

**बरघाट।** अनोद जायसवाल स्मृति में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सतना में विगत दिवस किया गया था ,जिसमें सिवनी जिले की ओर से अंडर-19 बालक वर्ग में तितिछ बेलिया एवं आदेश पाठक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल तक अपना स्थान सुनिश्चित किया, वहीं पुरुष वर्ग में सोमिल मिश्रा और एवं आदित्य शर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का स्थान सुनिश्चित किया एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में वह विजयश्री हासिल नहीं कर पाए ,इस आयोजन में वेटरंस वर्ग की भी प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें सिवनी जिले के कोच संदीप मिश्रा ने भी हिस्सेदारी ली, जिसमें क्वार्टर फाइनल में ग्वालियर के अभिजीत बनर्जी को 2-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया, सेमीफाइनल में अनूपपुर के राजेश धुर्वे के साथ संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्होंने 3-1 से विजयश्री हासिल की एवं फाइनल में सतना के संजय जैन के साथ मुकाबले में 3-0 से विजय प्राप्त करके विजेता बनने का गौरव हासिल किया, समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय माहेश्वरी द्वारा उन्हें विजेता का प्रमाण पत्र, एक गिफ्ट हैंपर, ट्रॉफी के साथ-साथ 2100 रुपए की नगद राशि भी प्रदान की गई, ज्ञात हो कि संदीप मिश्रा द्वारा पूर्व में भी राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिवनी जिले के नाम को टेबल टेनिस के खेल में रोशन किया जा चुका है ,आपके द्वारा निरंतर बच्चों को बरघाट में कोचिंग दी जाती है जिसके चलते बरघाट के टेबल टेनिस के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बनाने में सफल हो रहे हैं ,उनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी शिवराज कुमरे, जिला खेल अधिकारी जस्सी थॉमस , धारना विद्यालय के प्राचार्य धुर्वे जी एवं सभी खेल प्रेमियों ने उन्हें इस सफलता पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है



# निर्वाचन कार्यों की कलेक्टर श्री सिंघल ने की समीक्षा

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं, स्वीप गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यवाही के साथ-साथ डाक मतपत्र तथा ईडीसी के माध्यम से वोटिंग की तैयारियों की समीक्षा की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्री सिंघल ने मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाऐं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि की उपलब्धता के संबंध में विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने चिन्हांकित किए गये केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश सभी बीआरसी, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग तथा नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छाया तथा बैठक व्यवस्था के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सिंघल ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों की भी समीक्षा की तथा अधिकतम मतदाताओं तक पहुंच के प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जो अन्य जिलों तथा प्रदेशों में अस्थाई रूप से निवासरत हैं, उनसे संपर्क कर मतदान दिवस पर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की जाए। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बसस्टेण्ड, चौंक-चौराहों तथा यात्री वाहन में प्रचार-प्रसार के लिए बैनर-पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वाले मतदान कर्मियों तथा 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी लेकर विधानसभावार मतदान की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित क्रय समिति नोडल को भी निर्देशित किया कि आयोग के मापदण्ड अनुरूप स्थानीय स्तर पर क्रय की जाने वाली निर्वाचन सामग्री मानक स्तर की हों तथा नियमानुसार क्रय की कार्यवाही की जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप, मतदान केन्द्रों की व्यवस्था तथा प्रशिक्षण नोडल श्री नवजीवन विजय, ईई आरईएस, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सभी बीआरसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





## मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कलेक्टर श्री सिंघल ने किया निरीक्षण



सिवनी 28 मार्च 2024/ लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत जारी मतदान दल में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों को पीओ और पी 01 अधिकारियों के पहले चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने उत्कृष्ट स्कूल एवं शासकीय महाविद्यालय सिवनी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन करते हुए मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिला अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित कर कहा कि सभी अपने निर्वाचन कार्यों, दायित्वों को भली-भांति समझे तथा मतदान दिवस एवं उसके उपरांत की जाने वाली सभी कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त करें ताकि मतदान दिवस में गलती की कोई भी संभावना न रहे। उन्होने मास्टर ट्रेनर को व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ ईव्हीएम मशीन एवं व्हीव्हीपेट मशीन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए इसके साथ-साथ मतदान दलों द्वारा भरे जाने वाले पत्रकों की एक-एक प्रविष्टी के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के लिए निर्देशित किया।

# शासकीय सीएमराइज उत्कृष्ट विद्यालय में केजी वन की प्रवेश सूची का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वर्ष 2024- 25 के लिए प्रवेशिका के जी वन के लिए निर्धारित 75 सीटों के लिए प्रवेश आवेदन फॉर्म दिनांक 16 मार्च से 23 मार्च 2024 तक जमा हुये थे। सी एम राइज विद्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 मार्च को प्रवेश सूची जारी कर दी गयी।जिसमें आरुषि कहार, सुजीत जंघेला, आर्यन चंदेल, आयुष चंदेल ,जयदीप चंदेल, अभय चंदेल, सरगम साहू, केशव साहू, चेतन साहू ,शिव्या बघेल, अहमजी झरिया, प्राणिका शर्मा, अनुराग बर्मन, अमन सनोडिया, लव जंघेला,लकी जंघेला, भव्या जंघेला, मोहम्मद हसन कुरैशी, शिव पंद्रे, अभिनव पंद्रे, जिगर साहू, सौम्या तिवारी, देवंशी वंशकार, बेदीका चंदेल, भानु कुशवाहा ,मोहित कुशवाहा, प्रतीक्षा मर्सकोले, सुमित यादव, अनिकेत यादव ,वेद राजपूत, शिवांशी पंचेश्वर, कौशिकी तिवारी, दीपांशु उइके, वेद बर्मन, भूमि भलावी, आदर्श साहू, रियांशी मर्रापे, प्रियांश झरिया, सेजल पंचेश्वर, शशांक मरावी, रौनक सैयाम, ऋषभ सैयाम ,समीर झारिया, अंशुल झारिया, उर्मिला राजपूत, अनुज धुर्वे, एंजेल नाग,सृष्टि जंघेला, अब्दुल अरससलान खान,पार्थ प्रजापति, मीनाक्षी जंघेला, भाव्या बघेल, कृतिका जंघेला ,मेघा झारिया, अंशिका मरावी, शिवांश यादव , शिवांश साहू ,यश रजक,यशि कोरव, सुभी धुर्वे, शिवा पटेल,अर्नव जंघेला, अरुणा भलावी, श्रद्धा मर्सकोले, आंशिका मरकाम, पूर्वी यादव, श्रुति कुशवाहा, सिद्धांत पंचेश्वर, निहाल पंवार, मयुर कुमार यादव, जैनब मंसूरी, यश कुमार उइके,सुर्याश उइके,सेजल मरकाम, जानवी ठाकुर का प्रवेश सूची में नाम शामिल हुआ है ।प्राजंल पंद्रे, अमन साहू का नाम प्रतिक्षा सूची में नाम है। भाई मरावी रौनक संयम ऋषभ संयम समीर झरिया अंशुल झरिया उर्मिला राजपूत अनुज धुर्वे एंजेलिना सृष्टि जगल अब्दुल अरशद सलाम खान पार्थ प्रजापति मीनाक्षी जगल भाव जागीर कृतिका जागेला मेघा झरिया अंशिका मरावी सिवान से यादव सिवान साहू यस रजक यशी कौरव देवांश साहू एस रजक एक कौरव सुविधा पटेल अर्णवजगल अरुण बालाजी सद्दाम स्कूल हंसिका मरकाम पूर्वी यादव श्रुति कुशवाहा सिद्धांत पंचेश्वर निहाल पवार मयूर कुमार यादव जैनम मंसूरी यश कुमार हुई के सूर्यास्त के फजल मरकाम जानवी ठाकुर का का के जीवन में बच्चेसॉन्ग निर्धारित हुआ है साथ ही पतंजलि 15का के जीवन में बेबी सॉन्ग निर्धारित हुआ है साथ ही पतंजलि अमन साहू प्रतीक्षा सूची में





## मालगाड़ी की चपेट में आया अधेड़



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर में बुधवार रात को रेल की पटरी के किनारे चल रहा राहगीर मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनारायण किरार पिता कोदू लाल बुधवार रात को काली माता मंदिर के आगे रेल की पटरी के पास घूम रहा था। इस दौरान वह पटरी से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। वहीं घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

## नाइट सफारी के दौरान जुगनी नामक बाघिन उसके 4 शावकों के साथ नजर आई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के पेंच नेशनल पार्क के खवासा बफर जोन में नाइट सफारी के दौरान जुगनी नामक बाघिन उसके 4 शावकों के साथ नजर आई, जिसे देखकर सैलानी काफी रोमांचित हुए और इस नजारे को कैमरे मे कैद कर लिया। पेंच टाइगर रिजर्व में देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक बाघ देखने आते हैं। जहां उन्हें बाघ, नील गाय, बारासिंघा, हिरण, तेंदुआ, मोर सहित कई वन्य प्राणी देखने को मिल जाते हैं। जिन्हें देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठते हैं।

# नामांकन रैली में सिवनी एवं बरघाट से बड़ी संख्या में पहुँचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को ताकत देने के लिये भाजपा का कार्यकत्रा पूर्ण संकल्प लेकर भारी बहुमत से देश में तीसरी बार भाजपा के युगांतकारी नेता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकत्रा भी इस बात का संकल्प लें कि जब तक भाजपा के पक्ष में लोकसभा चुनाव का वोट नही दिला देते चैन से नहीं बैठेंगे । श्रीमती भारती पारधी की जीत गरीब कल्याण की योजना को गति दिलाने की जीत होगी, विकास की गति को तीव्र करने की जीत होगी, हर वर्ग के व्यक्ति को खुशहाली देने की जीत होगी और भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में हमारे प्रयासों की जीत होगी । इस आशय की बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बालाघाट जिला मुख्यालय में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी की नामांकन रैली में शामिल हुये कार्यकत्ताओं और आमजनों को संबोधित करते कही । बालाघाट लोक सभा की प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी ने नामांकन के अतिम दिवस नामांकन जमा करने के बाद आयोजित चुनावी रैली प्रदेश के मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, बालाघाट जिला अध्यक्ष रामकिशोर कांवरे, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, कटंगी विधायक गोरव पारधी, राजकुमार कर्राहे श्रीमती लता एलकर सहित सिवनी एवं बालाघाट जिले के अनेक वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्रा शामिल हुये । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नामांकन के अंतिम दिवस अनेक लोकसभा मुख्यालयों में प्रत्याशी के नामांकन दाखिल कराते हुये बालाघाट पहुँचे थे । निर्धारित समय से काफी बिलंब से पहुँचने के कारण हेलीकाप्टर उड़ान की बाध्यता के कारण संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के सुनेहरे भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये देश की बागडोर नरेन्द्र मोदी को सौंपने का संकल्प है इसके लिये मध्यप्रदेश की 29 सीटों पर विजय दिलाना है और बालाघाट लोकसभा क्षेत्र से बड़ी सुनिश्चित करना है। बालाघाट में आयोजित नामांकन रैली सिवनी जिले की सिवनी विधासनसभा एवं बरघाट विधानसभा से बड़ी संख्या में जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुँचे थे । सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के नेतृत्व में सिवनी विधानसभा के कार्यकत्ता छिंदवाड़ा चौक स्थित गणेश मंदिर से पूजन कर एक साथ रवाना हुये। बालाघाट पहुँचने पर सिवनी एवं बरघाट विधानसभा के कार्यकत्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी का एक बड़ी माला पहनाकर सामूहिक स्वागत किया और इस अवसर पर सिवनी विधायक ने मंच से कहा कि सिवनी विधानसभा से सबसे अधिक मतों से लोकसभा प्रत्याशी को जितायेंगे । इसके विधानसभा क्षेत्र का कार्यकत्ता पूरी ताकत के साथ काम लोकसभा चुनाव में जुटा हुआ है ।

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि सिवनी जिले की दोनो विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी को पिछले लोकसभा चुनाव से अधिक मतों से विजयश्री दिलायी जायेगी।

# चाय-पान की गुमटियों पर बिक रही शराब, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में आचार संहिता लागू होने के साथ ही शराब जैसी नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले भर थाना पुलिस अवैध शराब नशे के सामानों पर लगातार कार्यवाही कर रही हैं। पुलिस विभाग गांव-गांव में छापेमारी करते हुए अवैध शराब बिक्री करने वालों के प्रकरण बना रहा है। जिससे ऐसा लग रहा है, मानो जिले में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह से बंद हो गई है। लेकिन हकीकत इससे उलट है। गर एवं ग्रामीण क्षेत्र हाल ये हैं कि यहां चाय-पान और किराना दुकानों पर ही खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। यह अवैध शराब इन दुकानों और गुमटियों पर बेचने के लिए शराब ठेकेदार के कर्मचारी बाइक पर शराब पेटी रख कर नगर सहित ग्रामीण अंचल में सप्लाई करते हैं। जहां से ये दुकानदार इस शराब को अपना मुनाफा लेकर बेचते हैं।

### आचार संहिता में सरलता से मिल रही अवैध शराब

आपको जानकर हैरानी होगी की इन दुकानों पर शराब बिक तो रही ही है साथ ही साथ इन दुकानों पर बैठकर पीने पिलाने की व्यवस्था भी रहती है। जो आचार संहिता की सख्त पाबंदियों के बीच भी नहीं रुक रही है। अवैध शराब की यह दुकानें शाम होते ही सज जाती हैं। जिनके आसपास लोग शराब पीते हुए दिख जाते हैं। जिससे सड़क के आसपास मयखाने के हालात दिखाई देते हैं।

# आत्मिक शांति से विश्व शांति को बढ़ाने हेतु हार्टफुलनेस कार्यक्रम के वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव का हुआ आयोजन



**सिवनी।** हार्टफुलनेस कार्यक्रम के वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन दिनाँक 17 मार्च 2024 को सिवनी के जिला प्रभारी श्री डी.पी.साहू के निवास परिसर में किया गया. जिसमें जैन, सिक्ख, बुद्धिष्ठ, पतंजलि, ब्रम्हकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग ओशो, विवेकानंद समिति, जिला हॉस्पिटल सिवनी, परशुराम जयंती समिति, बीएसएनएल रिटायर्ड टीम, एसबीआई रिटायर्ड टीम, सिंधी समाज व्यास संगठन सिवनी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया. जिसमें प्रतिनिधियों में सर्वश्री रघुवीर सिंह बेदी, नरेश कुमार मिश्रा, दिनेश कुमार लूथरा, भुवनेश्वर शुक्ला, विजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एम.एन. त्रिवेदी, जगत सिंह राय, ब्रह्माकुमारी गीता बहन, सिस्टर मनीषा तिवारी सहित लगभग 45 से 50 अभ्यासियों की उपस्थिति रही. हार्टफूलनेस कार्यक्रम के वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव में सभी लोगों ने आत्मिक शांति से विश्व शांति को बढ़ाने एवं उसमें सहयोग करने की इच्छा प्रकट की. इस अवसर पर रिलैक्सेशन एवं ध्यान द्वारा योगिक प्राण आहुति का सत्र कराया गया एवं सहज मार्ग के सिद्धांतों के ऊपर प्रकाश डालकर ध्यान, सफाई एवं प्रार्थना पर विस्तार से सभी को बताया गया.हार्टफुलनेस मेडिटेशन टीम सिवनी की ओर से श्री डी.पी.साहू ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहभागी होने वाले एवं सहयोग प्रदान करने के लिए सिवनी हार्टफुल नेस टीम की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम आशा करते है कि भविष्य में आप सभी इसी तरह मिलकर अपने आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास करते रहेंगे. साथ ही हमारे पूज्य मालिक दाजी जी (कमलेश भाई पटेल की) कृपा आप पर सदैव बनी रहे. कार्यक्रम में नरेश कुमार मिश्रा, पूनमचंद सोनी, सुरेश कुमार सोनी, मुकेश कुमार चौरसिया, सुश्री नैना बरकड़े, श्रीमती वंदना गुप्ता, अजय कुमार चौबे एवं सभी साथियों के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# इमारती लकड़ी काटने वाला सरगना पहुंचा जेल

**जिले के दक्षिण सामान्य वनमडल के परिक्षेत्र सिवनी सामान्य, बरघाट और खवासा परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने बुधवार को सिवनी जिले स्थित वन क्षेत्रों में लगी इमारती लकडी को काटने के लिए पिछले कई महीनों से सक्रिय गिरोह के मुख्य सरगना को पकडनें में सफलता हासिल की है।**

जिसे बुधवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार पिछले कुछ समय से दक्षिण सिवनी सामान्य वनमण्डल एवं पेंच टाईगर रिजर्व के वनक्षेत्रों में अवैध कटाई की घटनायें सामने आई थी। जिसके तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही थी।

इसी क्रम में 27 दिसंबर 23 को बरघाट परिक्षेत्र की पखारा बीट के वन कक्ष क्रमांक 138 में अवैध कटाई करने वाले सात आरोपिता क्रमशः संत कुमार (35) पुत्र मोतीराम गोनगे निवासी ग्राम बिछुआ कुरई , ब्रजलाल (35) पुत्र बुदधु सिरसाम निवासी ग्राम खुर्सीपार केवलारी, शिवपाल (30) पुत्र रमनलाल गोनगे निवासी बिछुआ कुरई , परसराम (30) पुत्र रूपचंद उइके निवासी ग्राम बोरामारा(बोरगांव) कुरई , प्रकाश (23) पुत्र भीकाराम कोवाचे निवासी ग्राम बिछुआ कुरई , पकंज (29) पुत्र सीतराम डहरवाल निवासी ग्राम बिछुआ कुरई और अजय (24) पुत्र परमानंद गजभिये निवासी ग्राम बिछुआ कुरई के कब्जे से आयशर ट्रक क्र.एम.पी. 28 सी. 9111 , बोलेरो वाहन क्र. एम.पी. 50 टी.0744 तथा अर्टिगा वाहन क्र.एम.पी. 30 सी. 6976 में रखी 2.100 घनमीटर अवैध सागौन , इमारती लकडी सागौन काटने के लिए उपयोग में लाये गये 12 हाथ आरा बरामद करते हुए आरोपितो के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धारा एवं वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन अपराध पंजीबद्ध कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जेल भेज दिया गया था।

आगे बताया कि इस प्रकरण में संयुक्त टीम द्वारा आरोपितों से पूछताछ के दौरान कुल 19 नाम सामने आये है। जिनमें मुख्य सरगना गौतम तिलघर को बुधवार 27 मार्च 24 को और 14 आरोपितों को पूर्व में को जेल भेज दिया गया है। यह गिरोह अंतरराज्यीय है जिसके द्वारा जिले के वन विभाग के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के अलग-अलग वन क्षेत्रों में इमारती लकडी काट कर चोरी करने का कार्य करते है। बुधवार को सयुंक्त टीम द्वारा कुरई थाना क्षेत्र निवासी गौतम (28) पुत्र गनाराम तिलघर जो कि मुख्य सरगना था जिसे पकडा गया और जिला न्यायालय के समक्ष पेश करने उपरांत जेल भेज दिया गया है।

वहीं इस प्रकरण में अभी चार आरोपित फरार है जिनकी तलाश संयुक्त टीम कर रही है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य सरगना गौतम तिलघर के विरूद्ध थाना लखनवाडा में मोटरसाइकिल चोरी , पेंच टाईगर रिजर्व अंतर्गत खवासा बफर में अवैध कटाई के प्रकरण दर्ज है।

इस कार्यवाही के दौरान संयुक्त टीम में शामिल वन परिक्षेत्र अधिकारी सिवनी सामान्य ब्रजेश पांडे, वन परिक्षेत्र बरघाट के परिक्षेत्र अधिकारी पीयूष गौतम, वन परिक्षेत्र खवासा के वन परिक्षेत्र अधिकारी धनश्याम चतुर्वेदी, उपवनक्षेत्रपाल दसोद लाल कुडेपा , रमेश वर्मा, कृष्ण कुमार चौरसिया , वन कर्मी अभिषेक बाहे सहित विभागीय टीम उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए आयोग ने दी अनुमति

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन की आचार सहिंता के मद्देनजर कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया स्थगित किया गया था। लेकिन आबकारी आयुक्त श्री अभिजीत अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग से 27 मार्च को अनुमति मिल जाने के बाद समस्त कलेक्टर्स को इस सम्बंध में पत्र के माध्यम से सूचित किया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री एसके उरांव ने बताया कि चतुर्थ चरण के ई-टेंडर की तकनीकी प्रक्रिया के बाद फाइनेंशियल ऑफर खोलने की कार्यवाही इसी दिन अनिवार्य रूप से आरंभ कर, आरक्षित मूल्य से कम प्राप्त ऑफर की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव मांगे गए है। साथ ही उन्होंने बताया कि गुरुवार को पंचम चरण में एक ई-टेंडर प्राप्त नही हुआ है। जिले में 5 समूहों के लिये कार्यवाही प्रस्तावित है। इसी तरह छटवे चरण के लिए भी 28 व 29 मार्च तारीख निर्धारित की गई है। सातवें चरण के लिए 29 व 30 तथा आंठवे चरण में 30 मार्च व 31 मार्च की तारीखें निर्धारित की गई है।

### मतदान करने के लिए 19 अप्रैल को होगा सार्वजनिक अवकाश

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत सम्पूर्ण मप्र में चार चरणों में मतदान होंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल शुक्रवार को, द्वितीय चरण 26 अप्रैल शुक्रवार, तृतीय चरण में 7 मई मंगलवार और चौथे चरण में 13 मई सोमवार को मतदान दिवस प्रस्तावित है। मप्र शासन के अनिल सुचारी ने इन दिवसों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये है। अब कोई बहाना नहीं, अपना मतदान अवश्य करें।

### 2 हजार से अधिक पीठासीन अधिकारी हुए प्रशिक्षित

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दलों के प्रशिक्षण का दौर 21 मार्च से प्रारंभ हुआ है। 21 से 23 मार्च तक पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी एक का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ है। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 2204 पीठासीन अधिकारियों और 2083 मतदान अधिकारी क्र.1 को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जबकि 28 मार्च से जिले के 44 प्रशिक्षण केंद्रो पर 753 पी-2 और 754 पी-3 का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। 44 सभी स्थानों पर यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है। जबकि संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ की उपस्थित में व्यवस्थाओं के साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रारंभ हुये है।

### मतदान के लिये शहर के मतदाताओं को न्यौता देने निकला नपा अमला



**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 मे हर एक मतदाता की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिये कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियॉ आयोजित की जा रही है। इसी सिलसिले में बालाघाट नगरपालिका द्वारा आज से नगर के मतदाताओं को पीले चावल लेकर 19 अप्रैल मतदान दिवस का न्यौता देने नपा का अमला निकला है। अमले द्वारा वार्ड क्र.23 में मतदाताओं के घर पहुंचकर न्यौता देकर मतदान करने के लिये अपील की जा रही है।

# 19 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन : दिव्यांग दिलीप छाबड़ा ने भरा निर्दलीय फार्म, 30 तक होंगे नाम वापस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट संसदीय चुनाव की जंग में उतरने की मंशा पाले 19 प्रत्याशियों ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन जमा कर दिया है। 28 मार्च को नाम निर्देशन फार्म की संवीक्षा और 30 मार्च को नाम वापसी के बाद कितने प्रत्याशी मैदान में होंगे और कौन मैदान छोड़ेगा, इसका फैसला हो जाएगा।

इसके बाद 18 लाख मतदाताओं वाली संसदीय क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने-अपने लिए जनता से आशीर्वाद मांगने लग जाएंगे।

27 मार्च को नाम निर्देशन फार्म की अंतिम तारीख होने से अब नाम निर्देशन फार्म जमा करने की निर्वाचन प्रक्रिया का समापन हो गया है। इसके बाद अब नाम निर्देशन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद चुनावी शोरगुल प्रारंभ हो जाएगा।

अब तक 19 प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया में पेशे से अधिवक्ता और सीए दिलीप छाबड़ा ने भी अपना नामांकन जमा किया है। भले ही शरीर से वह दिव्यांग हो लेकिन चुनाव लड़ने का हौसला उन्हें औरों से अलग बनाता है।

संसदीय चुनाव लड़ने का हौसला दिखाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के समक्ष उन्होंने अपना नामांकन पेश किया। इस दौरान वह सहयोगी के साथ व्हील चेयर की मदद से नामांकन दर्ज करने पहुंचे। इस दौरान उनके अधिवक्ता अमन नावानी भी यहां मौजूद थे। दिव्यांग अभ्यार्थी के नामांकन जमा करने पहुंचने पर प्रशासन ने भी संवेदनशीलता के साथ नामांकन प्रक्रिया को पूरा किया।

### अब तक प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

जिले में संसदीय चुनाव की 20 मार्च को अधिसूचना जारी होने के बाद 21 मार्च को पहला नामांकन भाजपा से भारती पारधी, दूसरा नामांकन 22 मार्च को निर्दलीय प्रत्याशी धनेन्द्र शरणागत ने किया। जबकि 23 से 25 तक अवकाश के बाद 26 मार्च को 7 अभ्यर्थियों निर्दलीय रूप से सौरभ लिल्हारे, महादेव नागदेवे, भुवनसिंह कोर्राम, पिपुल्स पार्टी ऑल इंडिया के डेमोक्रेसी धनीलाल मानेश्वर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रियंका भण्डारकर, इंडियन नेशनल कांगेस पार्टी सम्राट सिंह और मध्य प्रदेश जन विकास पार्टी सत्यप्रकाश सुलखे ने किया।

इसके बाद बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन 10 अभ्यार्थियों में निर्दलीय दिलीप छाबडा, गोंगपा से नंदलाल उईके, राष्ट्रवादी भारत पार्टी से मोहन कुमार राउत, बीएसपी से कंकर मुंजारे, निर्दलीय सुरज ब्रम्हे, निर्दलीय फिरोज खांन, राष्ट्रवादी युवाजन एकता पार्टी मनोरमा नागेश्वर, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजकुमार नागेश्वर, निर्दलीय दिपक कुमार चौधरी और निर्दलीय मनोज कुमार सैय्याम ने नामांकन जमा किया।

# प्रशिक्षणों में अनुपस्थित रहें अमले के सम्बंधित विभाग करेंगे जाँच

### अनिवार्य सेवा घोषित करने के बावजूद रहें नदारद, जांच के बाद होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्वाचन से पूर्व ही निर्वाचन में अनिवार्य सेवाएं घोषित कर दी गई थी। जिसका हर विभाग को पालन किये जाने के लिए आदेश जारी किए गए थे। उस मामलें में जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने इस आदेश के पालन नही होने के सम्बंध में कलेक्टर के समक्ष फाइल पुट अप की गई है। जिसमें बताया गया कि निर्वाचन कार्य के लिए पिछले दिनों 21 से 23 मार्च को विभिन्न जनपदों में आयोजित हुए प्रशिक्षणों में कई शासकीय सेवक अनुपस्थित रहें थे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ऐसे 68 शासकीय सेवको के नियंत्रक/ विभाग प्रमुखों को जांच करने के निर्देश दिए गए है। ताकि उन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें। श्री उपाध्याय ने यह भी बताया कि मप्र शासन के एक आदेश के अनुसार ऐसे अनुपस्थित रहे शासकीय सेवकों पर 50 वर्ष की आयु अथवा 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर शासकीय सेवकों के अभिलेखों की छानबीन कर अनिवार्य सेवनिवृति की जानकारी मांगी गई है। सम्बंधित विभागों से इसकी जानकारी 3 दिनों में चाही गई है।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष तबरेज को मिली नई जिम्मेदारी, बनाये गये लोकसभा को-आर्डिनेटर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष तबरेज खान की सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। तबरेज पटेल को लोकसभा चुनाव के लिये बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र का को-आर्डिनेटर बनाया गया हैं। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा व राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सह प्रभारी मानसिंह राठौर, अजित सिंह एवं कृष्णा हरि की सहमति से लोकसभा का को-आर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई हैं। नई जिम्मेदारी से उत्साहित युवा कांग्रेस अध्यक्ष तबरेज खान ने बताया कि पार्टी ने जो नई जिम्मेदारी दी हैं, उसका वह पूरी ईमानदारी से बखूबी निवर्हन करेंगे और संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार पार्टी ने जातिवाद से अलग हटकर सामान्य वर्ग से अपना उम्मीदवार बनाया हैं। कांग्रेस जातिवाद से परे हटकर हर वर्ग के लोगों का सम्मान करती हैं और उनके हितों को ध्यान में रखती हैं। उनके लोकसभा को-आर्डिनेटर बनने से कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# निर्वाचन प्रेक्षक ने परखी प्रशासनिक तैयारियां :कम्युनिकेशन प्लान , कंट्रोल रूम और एमसीएमसी निगरानी को सराहा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

निर्वाचन आयोग द्वारा बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट के लिए श्री शुभकरण सिंह को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री सिंह ने गुरुवार को निर्वाचन कार्यो से सम्बंधित तैयारियों के लिए कलेक्टर परिसर में स्थापित सभी कंट्रोल रूम तथा पॉलीटेकनिक स्थित स्ट्रांग रूम और जटाशंकर महाविद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने सभी तैयारियां का बारीकी से मुआयना किया और सम्बंधितो से जानकारी भी ली। इससे पूर्व वे कलेक्टर कोर्ट में आरओ द्वारा की जा रही संवीक्षा का भी अवलोकन किया। इसके बाद वे कलेक्टर भवन में बनाए गए कंट्रोल रूम में टोल फ्री, कंट्रोल रूम और कम्युनिकेशन प्लान के लिए नियुक्त अमले से भी जानकारियां ली। प्रेक्षक श्री सिंह ने टोल फ्री नम्बर 1950 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की प्रकृति तथा उनके निराकरण के बारे में जाना। साथ ही उन्होंने चैक पोस्ट पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कंट्रोल में की जा रही निगरानी की जानकारी ली। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी नाकों से गुजरने वाले वाहनों की जानकारी वहां के अमले के द्वारा तथा कंट्रोल से भी की जा रही है। फ्लाइंग स्कॉट द्वारा सी-विजिल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए भेजा जाता है। अभी तक 6 शिकायतें सी-विजिल पर प्राप्त हुई है। सभी का समयावधि में निराकरण भी किया गया है। वहीं 1950 पर अधिकांश शिकायतें ईपिक कार्ड से सम्बंधित है। जिन्हें सम्बंधित एआरओ के माध्यम से निराकृत किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर भी मौजूद रहे।

### 6 इनकमिंग और 2 आउटगोइंग के माध्यम से कार्य कर रही है कम्युनिकेशन की टीम

प्रेक्षक श्री सिंह ने कम्युनिकेशन प्लान की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान इसकी कार्य प्रणाली के बारे में जाना। उन्हें बताया गया कि हर विधानसभा के लिए अलग अलग लैंड लाइन सेट लगाया गया है। यहां 6 इनकमिंग और 2 आउट गोइंग सुविधा के साथ नम्बर वेरिफाई तथा दलों से संपर्क किया जाता है। साथ ही कम्युनिकेशन, कंट्रोल रूम व सी-विजिल तथा टोल फ्री सभी एक साथ मिलकर कार्य कर रहें है। इसके बाद उन्होंने मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष और पोस्टल बैलेट के कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। प्रेक्षक श्री सिंह ने सभी व्यवस्थाओं की सराहना की।



### स्ट्रांग रूम की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की

प्रेक्षक श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय स्थित निगरानी कार्यो व संवीक्षा के अवलोकन के पश्चात पॉलीटेकनिक कॉलेजके बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने स्ट्रांग के दायरे में लगाये गए सीसीटीवी कैमरे और इसके कंट्रोल रूम पर विशेष फोकस किया। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए की गई व्यवस्था की तारीफ की। साथ ही उन्होंने बिजली के कनेक्शन और स्ट्रांग रूम के पीछे की ओर खिड़की या दीवार पर भी फोकस किया। यहां उन्होंने सामग्री वितरण व्यवस्था के अलावा मतगणना के कक्ष, राजनीतिक दलों के लिए आने जाने की व्यवस्था और ईवीएम रेंडमाइजेशन, एफएलसी और कमीशनिंग कार्यो की भी व्यवस्थाएं देखते हुए जानकारी ली। इसके पश्चात वे जटाशंकर में मतदान दलों के प्रशिक्षण का अवलोकन करने भी गए।

# शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत द्वारा की गयी। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के तहत मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, असेम्बली आयोजित की गयी जिसमें प्राचार्य डॉ. खण्डायत द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गयी एवं मतदान से संबंधित उदबोधन भी दिया गया। वहीं विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। भारतीय प्रजातंत्र में मतदान की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें चन्द्रमणी मेश्राम बी.ए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित गायन प्रतियोगिता में बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. श्वेता सिलेकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तमान समय में मतदाता जागरूकता अभियान की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा ढ़ेकने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रंगोली प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी वराड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**बालाघाट।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गत 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस तथा 22 मार्च 2024 को विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों व युवाओं को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण सरंक्षण थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सौरभ शरणागत फारेस्ट रेंजर बिरसा परिक्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में निर्णायक समिति के द्वारा जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण सरंक्षण, जल प्रबंधन इत्यादि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी के प्रस्तुतीकरण, स्वच्छता एवं प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रकृति भ्रमण के लिये चयनित किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की महत्ता, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक प्रबंधन जैसे अति महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर छात्रा-छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी श्री जय प्रकाश यादव(उमाशि), श्रीमती पूजा कुशरे(उमाशि),श्री उम्मेद केलकर(उमाशि), कु.ओजस्वी चौधरी, कु.ज्योति राहंगडाले, श्री अजय वैध, श्री द्रोण पटले, श्री धनेश पटले, श्री राजेंद्र सहारे, श्री लक्ष्मण धुर्वे एवं अन्य समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### वन्य प्राणी तेंदुए ने गांव में दी दस्तक, वानर का किया शिकार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** वन परिक्षेत्र कटंगी के ग्राम धनकोषा में सोमवार को वन्य प्राणी तेंदुए को गांव के भीतर देखा गया है. जिससे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है. वन्य प्राणी तेंदुए ने वानर का शिकार भी किया है. यह घटना ओंकार पटले के खेत में हुई है. वन्य प्राणी को गांव में देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची. जिसने पेड़ पर तेंदुए के नाखुन की खरोच और खेतों में बाघ के पदचिन्ह देखे है. इस घटना के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है. इसके साथ ही अकेले खेतों की तरफ जाने की अपील भी की है. बीते कुछ दिनों से शाकाहार और हिंसक वन्य प्राणियों को आबादी के नजदीक देखे जाने की घटनाएं बड़ी है. इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हुई है जिसमें वन्य प्राणियों ने ग्रामीण जनता को शारीरिक चोट पहुंचाई है. शाकाहार वन्य प्राणियों के गांवों तक आने से ग्रामीण पहले ही परेशान चल रहे हैं. दूसरी ओर अब हिंसक जानवर भी दस्तक देने लगे हैं. इससे लोगों में दहशत का माहौल है. फसलों को नष्ट करने वाले वन्य प्राणी तो रात को धावा बोलते हैं, परंतु हिंसक वन्य प्राणी दिन में भी धमक रहे हैं।



# मतदाता जागरूकता अभियान को मिलेगा नया आयाम : कैम्पस एम्बेसेडर, स्वीप आइकॉन और सोशल मीडिया इंनफ्लूएंसर जुटेंगे अभियान में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है। अब इस अभियान को और अधिक सक्रियता के साथ संचालित कराने के लिए कैम्पस एम्बेसेडर, स्वीप आइकॉन और सोशल मीडिया हैंडलर या सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी अपनी भूमिका निभाएंगे। गुरुवार को स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा ने जिले के सभी कैम्पस एम्बेसेडर, स्वीप आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ बैठक आयोजित की गई। इन सबके सहयोग से जिले में संचालित अभियान को नया आयाम मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा ने कहा कि जिले में ऐसे मतदाताओं तक संदेश पहुँचाना है जो मतदान करने से कतराते है। अवकाश होने के बावजूद मतदान के लिए नही पहुँचते है। श्री रणदा ने जिले के ऐसे चिन्हित स्थानों व मतदान केंद्रों की सूची प्रदान की है। जहाँ विधानसभा के दौरान कम मतदान हुआ है। मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए मतदान केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के साथ आयोग द्वारा मतदाताओं के उपलब्ध कराई गई सुविधाओ के बारे में भी अवगत कराया जाना जरूरी है।

### दिव्यांगों की मदद करने में सहभागी बनें

स्वीप नोडल अधिकारी श्री रणदा ने प्रशिक्षण में कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए मदद करे। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर उपलब्ध है। यहां आने वाले मतदाताओं को सुविधा दी जाएगी। हालांकि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग अगर अपने घर से मतदान करना चाहता है तो वो भी सुनिश्चित की जाएगी। स्कूल कॉलेज, एनसीसी व एनएसएस के माध्यम से अपने घरों के मतदाताओं के साथ ही अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया जा सकता है। मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवाने में भी सक्रियता दिखाए। सभी को स्वीप के अंतर्गत आने वाले दिनों में आयोजित होने वाली गतिविधियों का प्लान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आरटीओ श्री अनिमेष गड़पाल, दिव्यांग स्वीप आइकॉन श्री घोडेश्वर,जन अभियान परिषद के सुशील बर्मन, नेहरू युवा

### गीत लेखन व गायन प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

# महाविद्यालय में मनाई गई महादेवी वर्मा की जयंती



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के इंदिरा कक्ष में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 रक्षा निकोसे के नेतृत्व एवं मुंशी प्रेमचन्द जागरूकता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महादेवी वर्मा की जयंती (जन्म 26 मार्च 1907) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. गेडाम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात एम0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी निकिता सोरले द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति की गयी। इस कार्यक्रम में महादेवी वर्मा द्वारा रचित गीत लेखन प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता का भी आयोजना किया गया।

गीत लेखन प्रतियोगिता में एम0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र रत्नेष अडकने प्रथम, बी0एससी0 द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या जैतवार द्वितीय एवं एम0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल करकाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में एम0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता सोरले प्रथम, बी0एससी0 द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या जैतवार द्वितीय एवं एम0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र रत्नेष अडक़ने ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म

हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 रक्षा निकोसे द्वारा महादेवी वर्मा के सांगोपांग जीवन चरित्र एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिया विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु अपने विचार व्यक्त किये। एन0 एस0 एस0 अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में महादेवी वर्मा द्वारा रचित 'किससे दुःख की बात कहेगी, अब ये चिड़िया कहां रहेगी' कविता की व्याख्या को बड़ी तन्मयता के साथ प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि महादेवी वर्मा द्वारा अपने जीवन पर्यन्त नारी मुक्ति के लिए जो कार्य किये गये हैं, वो अमिट है। हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, महाविद्यालयीन परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया।